जय माँ कालका सदा ही जय जय कार

माँ तेरा प्यारा सजा दरबार,
माँ तेरा प्यारा सजा दरबार,
आ गया नवरात्रि त्यौहार,
जय माँ कालका जय माँ कालका,
सदा ही जय जय कार,
माँ तेरी सदा ही जय जय कार....

झूमें नाचे गाएं मैया, हम सब तुम्हे मनाते हैं,
हाँथ जोड़ करें तेरा सुमिरन, तेरा ध्यान लगाते हैं,
भक्त खड़े दरबार तुम्हारे, करने को दीदार,
जय माँ कालका, जय माँ कालका,
सदा ही जय जय कार,
माँ तेरी सदा ही जय जय कार....

पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण, माँ के नाम की ज्योत जगे,
जो भी पूजे कालका माँ को, उसके सारे कष्ट मिटे,
माँ काली अपने भक्तो का, करती बेड़ा पार,
जय माँ कालका, जय माँ कालका,
सदा ही जय जय कार,
माँ तेरी सदा ही जय जय कार....

जो भी पाया तुमसे पाया, तेरा दिया ही खाते हैं,
दर्शन दो अपने भक्तो को, मिल कर अरज लगाते हैं,
महारानी दरवाज़ा खोलो, सुनलो सबकी पुकार,
जय माँ कालका, जय माँ कालका,
सदा ही जय जय कार,
माँ तेरी सदा ही जय जय कार...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29753/title/jai-maa-kalka-sada-hee-jai-jaikaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |